# ईरान के साथ भारत-पाकिस्तान और चीन

## यूएन में ईरान को मिला भारत की महत्वपूर्ण समर्थन

**नई दिल्ली, 24 जनवरी. संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में ईरान की मानवाधिकार स्थिति पर लाए गए प्रस्ताव पर भारत ने विरोध में वोट देकर स्पष्ट संकेत दिया कि वह देशों के आंतरिक मामलों में बाहरी हस्तक्षेप के पक्ष में नहीं है.**

जेनेवा में हुई आपात बैठक में प्रस्ताव को बहुमत मिला, लेकिन भारत, चीन सहित सात देशों ने इसके खिलाफ मतदान किया, जबकि 14 देश तटस्थ रहे। यह मतदान ऐसे समय हुआ है जब पश्चिमी देश ईरान पर दबाव बढ़ा रहे हैं. भारत के रुख को उसकी स्वतंत्र और संतुलित विदेश नीति के रूप में देखा जा रहा है, जो रणनीतिक हितों और सिद्धांतों दोनों पर आधारित है. भारत के लिए ईरान ऊर्जा, कूटनीति और क्षेत्रीय संपर्क का अहम साझेदार यूएन मानवाधिकार



परिषद में ईरान के मुद्दे पर हुई वोटिंग ने यह दिखा दिया कि दुनिया इस प्रश्न पर कितनी बंटी हुई है. पश्चिमी देश मानवाधिकार के आधार पर ईरान पर दबाव बढ़ाना चाहते हैं, जबकि भारत और चीन जैसे देशों ने इस प्रस्ताव का विरोध कर अलग संदेश दिया. भारत का वोट इसलिए भी अहम माना गया क्योंकि उसके ईरान के साथ लंबे समय से ऊर्जा, व्यापार और सामरिक संबंध रहे हैं. भारत ईरान से तेल आयात करता रहा है और चाबहार जैसे प्रोजेक्ट क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में महत्वपूर्ण हैं. भारत के रुख से यह संकेत गया कि वह मानवाधिकार के नाम पर राजनीतिक दबाव बनाने की प्रवृत्ति से दूरी रखता है और देशों के आंतरिक मामलों में बाहरी हस्तक्षेप का समर्थक नहीं है. यह उसकी पारंपरिक 'रणनीतिक स्वायत्तता' की नीति के अनुरूप है. ईरान में विरोध प्रदर्शनों की शुरुआत महिला अधिकारों के मुद्दे से हुई थी. ईरान के मानवाधिकार उल्लंघनों की जांच और कड़े कदम के पक्ष में- ये देश ईरान के मानवाधिकार उल्लंघनों की जांच और कड़े कदम के पक्ष में रहे. इनमें कई पश्चिमी तथा नाटो-सदस्य देश शामिल हैं- फ्रांस, मैक्सिको, दक्षिण कोरिया, अमेरिका, जर्मनी, ब्रिटेन, जापान, नीदरलैंड्स, स्पेन, इटली, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, स्वीडन, नॉर्वे, डेनमार्क, फिनलैंड, आयरलैंड, बेल्जियम, स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रिया, पोलैंड, चेक गणराज्य, लिथुआनिया, लातविया, एस्टोनिया ये देश मानते हैं कि ईरान के आंतरिक मामलों में बाहरी हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए.

### ईरानी कमांडर बोले उंगली ट्रिगर पर ही है

**तेहरान, 24 जनवरी.** ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड के कमांडर जनरल मोहम्मद पाकपॉर ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि ईरान की सेना पूरी तरह तैयार है और उंगली ट्रिगर पर है, बस आदेश का इंतजार है. प्रदर्शनों को कुचलने में रिवोल्यूशनरी गार्ड ने सक्रिय भूमिका निभाई, जिसमें हजारों लोगों की मौत हुई. अमेरिका ने कार्रवाई की चेतावनी दी थी. ट्रंप ने दावा किया कि डर के कारण 800 फांसी पर रोक लगी, जिसे ईरानी ने खारिज किया. पाकपॉर का बयान ईरान की सैन्य ताकत और रणनीतिक तैयारियों का संकेत है.

# गुजरात के कच्छ में लहराएगा दुनिया का सबसे बड़ा तिरंगा

**नई दिल्ली, 24 जनवरी. गणतंत्र दिवस पर गुजरात के कच्छ जिले में खादी ग्रामोद्योग से निर्मित दुनिया का सबसे बड़ा तिरंगा फहराया जाएगा.**

खादी ग्रामोद्योग आयोग ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से 77वें गणतंत्र दिवस पर इस बार कच्छ के धोरडो क्षेत्र (रन ऑफ कच्छ) में खादी से निर्मित दुनिया का सबसे विशाल राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) पूरे सम्मान और गरिमा के साथ प्रदर्शित किया जाएगा. आयोग ने इसे ऐतिहासिक और राष्ट्र गौरव से परिपूर्ण आयोजन बताया और कहा कि ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत इस दौरान गुजरात के कारीगरों को मशीन और टूलकिट का वितरण भी किया जाएगा. यह कार्यक्रम 26 जनवरी को प्रातः 8.30 बजे आयोजित होगा.

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी तथा खादी एवं ग्रामोद्योग से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार होंगे. इस अवसर पर विशाल तिरंगे को भारतीय सेना और सीमा सुरक्षा बल के जवानों द्वारा सलामी दी जाएगी.

# आरडीएक्स से ट्रेन को उड़ाने की कोशिश

**गणतंत्र दिवस से ठीक पहले पंजाब में बड़ा धमाका**

**चंडीगढ़, 24 जनवरी. गणतंत्र दिवस से ठीक पहले शुक्रवार देर रात तोड़फोड़ की एक घटना में अमृतसर-दिल्ली रेलवे लाइन पर सरहिंद रेलवे स्टेशन से कुछ दूर खानपुर गांव के पास एक धमाके से रेलवे ट्रैक का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया.**

आरडीएक्स से ट्रेन को उड़ाने की कोशिश की गई है. रेल अधिकारियों ने बताया कि यह हिस्सा मुख्य रूप से मालगाड़ियों के लिए इस्तेमाल किया जाता है. एक मालगाड़ी खानपुर रेलवे गेट के पास जब पहुंची, तो कथित तौर पर एक जोरदार धमाके से ट्रैक का लगभग 12 फुट हिस्सा उड़ गया और एक लंबे हिस्से में काफी नुकसान पहुंचा. धमाके में मालगाड़ी के इंजन का लोको



पायलट घायल हो गया और उसे पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे प्राथमिक उपचार दिया गया. उसकी हालत स्थिर बतायी जा रही है. धमाके से आसपास के इलाकों में दहशत फैल गयी. घटना के तत्काल बाद पुलिस और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे, इलाके को घेर लिया और संयुक्त जांच शुरू की. शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, शुक्रवार रात करीब पौने 10 बजे कुछ अज्ञात लोगों ने रेलवे लाइन के किलोमीटर 1208/15 के पास एक विस्फोटक डिवाइस से धमाका किया.

सूत्रों ने हालांकि दावा किया कि इसमें हाई-ग्रेड विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया हो सकता है, लेकिन अधिकारियों ने विस्फोट के लिए इस्तेमाल पदार्थ की प्रकृति की जानकारी साझा नहीं की है. पुलिस उप महानिरीक्षक रोपड़ रेंज नानक सिंह ने बताया कि यह एक आपराधिक घटना है. उन्होंने कहा कि रात नौ बज कर पैंतालीस मिनट पर 'माइनर ब्लास्ट' हुआ है, यह कोई 'बड़ा ब्लास्ट' नहीं था. उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है, उसके बाद ही घटना का सही कारण बताया जा सकता है. उन्होंने कहा ट्रैक पर मरम्मत का काम शुरू हो गया है. ट्रेनों के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने अतिरिक्त सुरक्षा उपाय लागू किये गये हैं.


# हर चुनौती का सामना करने रहें तैयार

**▸ रक्षा मंत्री सिंह ने एनसीसी शिविर में किया संबोधित**

**नई दिल्ली, 24 जनवरी. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि अनिश्चितता के दौर से गुजर रही दुनिया में देश के युवाओं का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से सशक्त रहना तथा हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहना अत्यंत आवश्यक है.**

उन्होंने युवाओं से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देशभर में आयोजित मॉक ड्रिल्स में जन-जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले साहसी और समर्पित राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेटों से प्रेरणा लेने का भी आह्वान किया. उन्होंने कहा हमारे सैनिकों ने साहस और संयम के साथ कार्रवाई की. श्री सिंह ने दिल्ली छावनी में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर में कैडेटों को संबोधित किया.

रक्षा मंत्री ने युवाओं की तुलना महाभारत के अभिमन्यु से की जो किसी भी प्रकार के चक्रव्यूह में प्रवेश करना और उससे विजयी होकर बाहर निकलना जानते हैं. उन्होंने युवाओं से सरकार के विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने में योगदान देने का आह्वान किया. उन्होंने कहा, हम ऐसे समय में प्रवेश कर चुके हैं जहां युवाओं से अपेक्षाएं बढ़ गई हैं. वे राष्ट्र की अमूल्य संपत्ति हैं और देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की जिम्मेदारी उनके कंधों पर है. श्री सिंह ने एनसीसी को युवाओं को सशक्त बनाने का एक उत्कृष्ट माध्यम बताया जो बदले में राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान देते हैं. आज की दुनिया आराम बेच रही है. वीडियो गेम, फूड डिलीवरी और इस तरह की कई चीजें मानव जीवन में सुविधा लाने के लिए हैं. परेड, ड्रिल और शिविरों के माध्यम से एनसीसी आपको उस आरामदायक दायरे से बाहर निकालती है और मानसिक रूप से मजबूत बनाती है. इसके अलावा, बच्चे कई जीवन कौशल सीखते हैं, जो आपदाओं के समय स्वयं और दूसरों की रक्षा करने में सहायक होते हैं. रक्षा मंत्री ने कहा कि एनसीसी कैडेट में अनुशासन और देशभक्ति की भावना का संचार करती है तथा %एकाग्रता की कमी% की समस्या को दूर करने में मदद करती है. उन्होंने कहा कि आज के दौर में, जब लोग सब कुछ तुरंत पाना चाहते हैं, एनसीसी धैर्य, निरंतरता और एकाग्रता सिखाती है, जो जीवन की बड़ी लड़ाइयों, राष्ट्र की महान जिम्मेदारियों और चरित्र निर्माण के लिए आवश्यक हैं. यह एकाग्रता उनके जीवन के हर पहलू में दिखाई देती है, चाहे वे सशस्त्र बलों में जाएँ या डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, वैज्ञानिक, प्रशासक, राजनेता आदि बनें. जीवन में केवल योजना-ए ही नहीं, बल्कि योजना-बी और आवश्यकता पड़ने पर योजना-सी बनाने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्री सिंह ने कहा कि जब केवल योजना-ए होती है और वह काम नहीं करती, तो भय और निराशा पैदा होती है.



# कनाडा को खा जाएगा चीन

**वॉशिंगटन, 24 जनवरी.** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर 'गोल्डन डोम' बनाने का प्रस्ताव ठुकराने के लिये कनाडा की आलोचना करते हुए कहा है कि चीन उनके देश को खा सकता है. श्री ट्रंप ने शनिवार को ट्रुथ सोशल पर साझा किये गये एक पोस्ट में कहा, कनाडा ग्रीनलैंड पर गोल्डन डोम बनाने का विरोध कर रहा है, हालांकि यह कनाडा की रक्षा करेगा. इसके बजाय, उन्होंने चीन के साथ व्यापार करने का फैसला किया है जो उन्हें पहले ही साल में खा जायेगा. श्री ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और कनाडा के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है. कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में अपने भाषण में कहा था कि नियम-आधारित व्यवस्था लुप्त होती जा रही है. उन्होंने यहां चीन के साथ सात अरब डॉलर के एक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये थे, जिसमें चीन की इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर टैरिफ हटाना भी शामिल था. श्री ट्रंप ने कहा था,



कनाडा अमेरिका की वजह से जिंदा है. यह याद रखना, मार्क, अगली बार जब तुम बयान दो.


## WANTED

**WANTED ENGINEERS. A reputed company in Pune requires Mechanical Engineers freshers and with 1 – 2 years experience in Production Quality Assurance for their plants in Chakan, Pune. Call 7600842387 send resume khushbugupta.hr@gmail.com**


## आज का इतिहास

1666 इंग्लैंड के शहर लंदन में लगी भीषण आग में 13,200 घर क्षतिग्रस्त हो गये।

1836 मशहूर अमेरिकी राजनीतिज्ञ सैम ह्यूस्टन टेक्सास गणराज्य के नए राष्ट्रपति नियुक्त किए गए।

1839 चीन और ब्रिटेन के बीच प्रथम अफीम युद्ध की शुरुआत

1882 पहला अमेरिका श्रम दिवस परेड न्यूयॉर्क शहर में आयोजित किया गया।

1885 अमेरिका के इंडियाना स्थित फोर्ट वेयन में पहली बार गैसोलीन पंप की स्थापना

1887 इंग्लैंड के थिएटर रॉयल एक्सेटर में आग लगने से 186 लोगों की मौत।

1888 भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म तमिलनाडु के छोटे से गांव तिरुमनी में ब्राह्मण परिवार में हुआ।

1914 विश्व के पांच देशों ब्रिटेन, फ्रांस, बेल्जियम और रूस ने लंदन संधि पर हस्ताक्षर किये थे।

1920 मेक्सिको में राष्ट्रपति चुनाव आरम्भ हुआ।


**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India** भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking

**इन्दौर विजय नगर शाखा**
**पता :** प्लॉट नं.51, सत्य सांई सर्कल के पास, ए.बी. रोड़. विजय नगर, इंदौर म.प्र. 452010

परिशिष्ट IV-ए [ नियम 8(6) एवं 9(1) देखे ]

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

संपत्ति विवरण हेतु QR कोड स्केन करें।

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना**

आम लोगों को और विशेष रुप से ऋणीओं, जमानतदारों एवं बंधककर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित हैं। जिनका प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **सांकेतिक आधिपत्य** ले लिया गया है, उन्हें ''जहां है जैसा है'' और '' जो कुछ भी है'' के आधार पर **27.02.2026, शुक्रवार को दोप. 12.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक** ई-नीलामी की जानी है। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम जमा राशि का उल्लेख नीचे किया गया है।

| क्र. | ऋणी एवं जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण | वसूल की जाने वाली राशि (खर्चो को छोड़कर) | आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **1. ऋणी/यों** सांई पॉलीमर्स (साझेदारी फर्म) द्वारा साझेदार श्री रामदास विट्ठल मताडे, श्री कांतिलाल पटेल, श्रीमती जया पटेल, श्रीमती पूजा कुँवर, श्रीमती मकबुल फातिमा **2. जमानतदार/ओं** (1) मकबुल फातिमा पलसानिया (2) पूजा कुँवर पिता परबत सिंह पंवार (3) जया पटेल (4) रामदास विट्ठल मताडे (5) कांतिलाल पटेल (6) परबत सिंह पंवार | **संपत्ति 1:** प्लॉट नं. बी-43, राजेंद्र नगर, इंदौर, मध्य प्रदेश में स्थित दुर्गा अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल का फ्लैट संख्या 301, जिसका सुपरबिल्टअप क्षेत्रफल 350 वर्गफुट है एवं जो श्री परबत सिंह पंवार के नाम पर है। **चर्तुसीमा:** पूर्व-फ्लैट नं.302, पश्चिम-सरकारी स्कूल, उत्तर-रोड, दक्षिण-फ्लैट नं. 304 **(सांकेतिक आधिपत्य)** | Rs.15,47,706.26 as on 30.07.2025 | Rs.9,60,000/- / Rs.96,000/- / Rs.9,600/- |
| | | **संपत्ति 2:** प्लॉट नं. बी-43, राजेंद्र नगर, इंदौर, मध्य प्रदेश में स्थित दुर्गा अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल का फ्लैट संख्या 302, जिसका सुपरबिल्डअप क्षेत्रफल 400 वर्गफुट है एवं जो श्री परबत सिंह पंवार के नाम पर है। **चर्तुसीमा:** पूर्व-रोड, पश्चिम-फ्लैट नं. 301, उत्तर-रोड, दक्षिण-फ्लैट नं. 303 **(सांकेतिक आधिपत्य)** | | Rs.10,95,000/- / Rs.1,09,500/- / Rs.10,950/- |

**ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथी :** नीलामी के अंतिम समय से पहले ईएमडी जमा कर ईएमडी राशि को संपत्ति आईडी के साथ लिंक/मैप करना होगा। यह सूचित किया जाता है कि किसी भी तकनीकी गड़बड़ी से बचने के लिए ईएमडी राशि को पहले ही जमा कर दें एवं संपत्ति आईडी के साथ लिंक/मैप कर दें।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट अर्थात **(www.unionbankofindia.co.in)** पर दिए गए लिंक **"https://baanknet.com"** का संदर्भ लें एवं सेवा प्रदाता **पीएसबी एलायंस की वेबसाइट 'https://baanknet.com'** पर जाएं। रजिस्ट्रेशन संबंधित जानकारी हेतु ई-मेल करें **support.BAANKNET@psballiance.com** उक्त तालिका में दिया गया सुरक्षित सम्पत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार प्रदान किया गया है और इसमें किसी भी प्रकार की गलती, त्रुटी या भूल के लिए प्रधिकृत अधिकारी उत्तरदायी नहीं रहेगा। सफल बोलीकर्ता को सफल बोली राशि कि 25% राशि सम्पत्ति की नीलामी के अगले कार्य दिवस तक की समय अवधि में जमा करनी होगी, शेष 75% राशि नीलामी समाप्ति से 15 दिन में जमा करनी होगी अन्यथा उनके द्वारा जमा की गई राशि/राशियाँ जब्त कर ली जाएंगी और विक्रय की गई संपत्ति के प्रति चूककर्ता क्रेता के सभी अधिकार समाप्त हो जाएंगे और बैंक उस सम्पत्ति को पुनः विक्रय करने के लिए स्वतंत्र रहेगा। उक्त नीलामी **https://baanknet.com** के माध्यम से कि जाएगी अतः इच्छुक बोलीकर्ता को अपना पंजीयन अपने मोबाईल नं. तथा ईमेल आइडी का प्रयोग करते हुए करना होगा। प्राधिकृत अधिकारी उच्चतम प्रस्ताव को स्वीकार करने हेतु बाध्य नही है किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार करने/स्थगित करने या ई-नीलामी को बिना किसी कारण बताये रद्द करने का प्रधिकृत अधिकारी को पूर्ण अधिकार है।

**नोट:** कृपया इस नीलामी से संबंधित किसी भी प्रकार के भार, न्यायालय आदेश या अन्य विवरण के लिए हमारे बैंक की वेबसाइट एवं बैंकनेट पोर्टल देखें।

**स्थान : इन्दौर**
**दिनांक : 25.01.2026**

**ह/- प्राधिकृत अधिकारी**
**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया**

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के अंतर्गत 30 दिवस विक्रय हेतु वैधानिक सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के अंतर्गत ऋणियों एवं जमानतदारों को ऊपर लिखी गयी तिथि पर ई-नीलामी करने की सूचना के रुप में समझा जाएगा।


## संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश म.प्र. भोपाल

कचनार ई-5 पर्यावरण परिसर अरेरा कॉलोनी, हबीबगंज पुलिस थाना के पास, भोपाल-462016
ई-मेलः mptownplan@mp.gov.in दूरभाषः 0755-2427091

क्रमांकः TDR202511313283285 | दिनांकः 19-Jan-2026

**(नियम 2 के उपनियम (एक) का खण्ड (झ) दिखिए) उत्पादन क्षेत्र संबंधी अधिसूचना**

मध्यप्रदेश हस्ततरणीय विकास नियम 2018 के नियम 3 (पांच) शक्तियों का उपयोग करते हुए, Municipal Corporation Ujjain द्वारा Transportation हेतु ली गई सम्मपति, जिसके लिए संचालक एतद् द्वारा सार्वजनिक जानकारी हेतु Ujjain निवेश क्षेत्र में उत्पादन क्षेत्र को निम्नलिखित अनुसूची में दर्शाए अनुसार प्रस्तावित हैः-

**अनुसूची**

निर्दिष्ट योजना / प्रावधान के अंतर्गत परियोजना PROPOSED WIDENING & CONSTRUCTION OF GADI ADDA CHOURAHA TO V.D. CLOTH MARKET, NIKAS CHOURAHA, KHAJOOR WALI MASJID, K. D. GATE MARG VIA JOONA SOMWARIYA TO BADI PULIYA MARG (Part 2 - NIKAS CHOURAHA, KHAJOOR WALI MASJID, K. D GATE MARG VIA JOONA SOMWARIYA TO BADI PULIYA MARG), जिसकी क्रियान्वयन एजेंसी "Municipal Corporation Ujjain " है, "Ujjain" क्षेत्र में स्थित है तथा यह परियोजना "Transportation" हेतु प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्य से संबंधित क्षेत्र / भूमियों का विवरण निम्नानुसार प्रस्तुत किया जाता है।

**Detail of Proposed Plot**

| क्रमांक | भूखंड/प्लाट क्र. | क्षेत्र / मोहल्ला | प्रभावित व्यक्तियों का विवरण | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 26 | Vallabh Bhai Patel Marg | Kailash Chandra S/O of Tejkaran Chauhan | 14.76 |
| 2 | 27 | Vallabh Bhai Patel Marg | Nafisa Bai, D/O Hadar Ali Chudiwala | 13.2 |
| 3 | 28 | Vallabh Bhai Patel Marg | Sangeeta W/O Ashok Kumar | 13.64 |
| 4 | 28/1 | Vallabh Bhai Patel Marg | Munna Lal Lakhera S/O of Nathuram Ji | 15.13 |
| 5 | 29 | Vallabh Bhai Patel Marg | Tahira W/O Shabbir Hussain | 14.8975 |
| 6 | 30 | Vallabh Bhai Patel Marg | Om Prakash S/O of Hiralal Bagadia | 15.86 |
| 7 | 31 | Vallabh Bhai Patel Marg | Suresh S/O of Hiralal Bagadia | 14.04 |
| 8 | 31 | Vallabh Bhai Patel Marg | Hiralal Ashok | 13.5 |
| 9 | 33 | Vallabh Bhai Patel Marg | Kailash Chandra Bagaria S/O Tek Chandra | 18.72 |
| 10 | 34 | Vallabh Bhai Patel Marg | Akbar Ali Sanabad Wala | 21.175 |
| 11 | 35 | Vallabh Bhai Patel Marg | Indra Tiwari, husband of Satish Chandra Tiwari | 22.59 |
| 12 | 36 | Vallabh Bhai Patel Marg | Prakash Paishavani | 28.05 |
| 13 | 37 | Vallabh Bhai Patel Marg | Preeti Bhargava | 50.75 |
| 14 | 38 | Vallabh Bhai Patel Marg | Jitendra Kumar S/O of Ramchandra Paishwani | 42 |
| 15 | 38/1 | Vallabh Bhai Patel Marg | Ghanshyam Das Karmwani | 15.6 |
| 16 | 39 | Vallabh Bhai Patel Marg | Najar Husain S/O Musakhan Chanchwal | 32.86 |
| 17 | 40/1 | Vallabh Bhai Patel Marg | Mustafa Baleriwala | 16.0455 |
| 18 | 40/2 | Vallabh Bhai Patel Marg | Sughra S/O Ashgar Ali | 15.4 |
| 19 | 41 | Vallabh Bhai Patel Marg | Yusuf Ali S/O of Ismail Ali | 16.5 |
| 20 | 42 | Vallabh Bhai Patel Marg | Shabbir Hussain S/O of Mohammad Hussain | 15.66 |
| 21 | 43 | Vallabh Bhai Patel Marg | Kahirai Bai Tahirai Ali | 19.7025 |
| 22 | 44 | Vallabh Bhai Patel Marg | Mohammad Hussain S/O of Saifuddin | 37.7 |
| 23 | 45 | Vallabh Bhai Patel Marg | Dr. Roshan Ali | 11.44 |
| 24 | 46/1 | Vallabh Bhai Patel Marg | G. Abbas Ali | 63.345 |
| 25 | 47 | Vallabh Bhai Patel Marg | Abde Ali Mulla Hasan (Ghodiwala) | 20.125 |
| 26 | 72 | Vallabh Bhai Patel Marg | Shyam Lal S/O Balaram Chauhan | 21.39125 |
| 27 | 70+71 | Vallabh Bhai Patel Marg | Anwari Bi W/O Mohammad | 25.28 |
| 28 | 69/1 | Vallabh Bhai Patel Marg | Ganesh Lohar S/O Kaluram Lohar | 20.68 |
| 29 | 69 | Vallabh Bhai Patel Marg | Ramchandra S/O Kamala Kishore Parmar | 16.64 |
| 30 | 68 | Vallabh Bhai Patel Marg | Omprakash S/O Bhagwan Das | 29.75 |
| 31 | 67 | Vallabh Bhai Patel Marg | Ramesh, Subhash, Satish, Loukais, Jhinlal | 24.57 |
| 32 | 66 | Vallabh Bhai Patel Marg | Hari Narayan S/O Kanhaiyalal Disawal | 41.895 |
| 33 | 65 | Vallabh Bhai Patel Marg | Dr. Yogesh Disawal | 24.885 |
| 34 | 64 | Vallabh Bhai Patel Marg | Sunanda Diswal | 28.5325 |
| 35 | 63 | Vallabh Bhai Patel Marg | Rajendra Gupta S/O Nand Kishore | 18.81 |
| 36 | 194 | Vallabh Bhai Patel Marg | Raisa Banu W/O Ramzan | 21.7 |
| 37 | 195 | Vallabh Bhai Patel Marg | Akbar Ali S/O Saifuddin Ali | 22.875 |
| 38 | 196 | Vallabh Bhai Patel Marg | Jujar and Turabh Pithiwala | 36.5925 |
| 39 | 197 | Vallabh Bhai Patel Marg | Akbar Ali Mukrika | 21.875 |
| 40 | 198 | Vallabh Bhai Patel Marg | Mohammad Hussain | 34.44 |
| 41 | 198/2 | Vallabh Bhai Patel Marg | Khozeema Ghulam Ali | 15.93 |
| 42 | 199 | Vallabh Bhai Patel Marg | Nishreen Ashuf Ali | 14.3 |
| 43 | 200 | Vallabh Bhai Patel Marg | Hakim Hussain & Qaseek Hussain | 31.35 |
| 44 | 201 | Vallabh Bhai Patel Marg | Yusuf Ali, Jujar Ali, Dutiyadhan | 20.125 |
| 45 | 1/1/1 | Vallabh Bhai Patel Marg | Yusuf Ali Tahir Ali | 11.88 |
| 46 | 1/2 | Vallabh Bhai Patel Marg | Nizamuddin Paanwala/Yusuf | 23.32 |
| 47 | 3 | Vallabh Bhai Patel Marg | Hakimuddin S/O Haider Ali | 27.195 |
| 48 | 4 | Vallabh Bhai Patel Marg | Shirin Bai W/O Nazar Hussain | 24.86 |
| 49 | 60 | Vallabh Bhai Patel Marg | Abbas Ali S/O Fida Hussain | 16.385 |
| 50 | 58 | Vallabh Bhai Patel Marg | Mohammad Hussain Kachwala and Haider | 36.025 |
| 51 | 57 | Vallabh Bhai Patel Marg | Haider Ali S/O Akbar Ali | 65.6625 |
| 52 | NA | Veer Durga Das Marg | Hafeem | 17.29 |
| 53 | NA | Veer Durga Das Marg | Tayyar | 17.325 |
| 54 | NA | Veer Durga Das Marg | Shabbir | 17.8 |
| 55 | 40 | Veer Durga Das Marg | Fida Ali S/O Wakir Ali Rangwala | 0 |
| 56 | 39 | Veer Durga Das Marg | Fida Ali S/O Wakir Ali Rangwala | 37.655 |
| 57 | 38/1 | Veer Durga Das Marg | Shirin Kachwala, Khojema Kachwala | 9.656 |
| 58 | 38 | Veer Durga Das Marg | Ali Hussain Rangwala | 16.91 |
| 59 | 38 | Veer Durga Das Marg | Abdul Kadir S/O Sabbir Hussain | 10.064 |
| 60 | 38/4 | Veer Durga Das Marg | Sanjay Chaudhary | 5.76 |
| 61 | 38 | Veer Durga Das Marg | Safik Qureshi S/O Akbar Hussain | 10.2375 |
| 62 | 38 | Veer Durga Das Marg | Saqir Qureshi S/O Mohammad Hussain | 4.8175 |
| 63 | 38/2 | Veer Durga Das Marg | Saqir Hussain S/O Tahira | 8.4875 |
| 64 | 38/2 | Veer Durga Das Marg | Mohammad Yakub S/O Mohammad Wazir | 7.63 |
| 65 | 1 & 2 | Veer Durga Das Marg | Ikram Hussain S/O Bibi Hussain | 4.55 |
| 66 | 43 | Veer Durga Das Marg | Nanu Seva Ram Chauhan | 1.4025 |
| 67 | 41/1 | Veer Durga Das Marg | Ikram Hussain Khureshi and Mohammad Kaltu | 5.265 |
| 68 | 43 | Veer Durga Das Marg | Vijay Kumar S/O Kanhaiya Lal | 3.6 |
| 69 | 44 | Veer Durga Das Marg | Idrish | 3.24 |
| 70 | 13/1 | Veer Durga Das Marg | Saqir Khal Wale | 6.25 |
| 71 | 14 | Veer Durga Das Marg | Anwar | 6.36 |
| 72 | 15 | Veer Durga Das Marg | Tapri (Babbu Qureshi) | 7.735 |
| 73 | 17 | Veer Durga Das Marg | Saqir Khal Wale | 20.79 |
| 74 | 18/1 | Veer Durga Das Marg | Kaushal Praveen S/O Sabuddin | 6.3 |
| 75 | 18/2 | Veer Durga Das Marg | Deep Narayan | 5.075 |
| 76 | 19 & 20 | Veer Durga Das Marg | Humayun Maqsood Ahmed | 32.34 |
| 77 | 1 | Veer Durga Das Marg | Sabana Bi W/O Hipzul Rahman | 12.88 |
| 78 | 13,21,22/1 | Veer Durga Das Marg | Mubarak Manzil, boundary wall | 141.8 |
| 79 | 24 | Veer Durga Das Marg | Wood Stack Dhaku Bai Motilal | 80.77 |
| 80 | NA | Veer Durga Das Marg | Hussain Hall | 102.805 |
| 81 | 36 | Veer Durga Das Marg | Changiram, Shivcharan Takle | 38.84375 |
| 82 | 36/1 | Veer Durga Das Marg | Pawan | 16.25 |
| 83 | 36/2 | Veer Durga Das Marg | Sunil | 17.55 |
| 84 | 35/6 | Veer Durga Das Marg | Narendra Ghavri | 9.72 |
| 85 | NA | Veer Durga Das Marg | Dilip Jhajhor S/O Kailash | 5.405 |
| 86 | 33/1 | Veer Durga Das Marg | Kailash Gausar (Sunil Auto garage) | 15.6 |
| 87 | 36/A | Veer Durga Das Marg | Sanjay's S/O Gopi Chandra Takle | 22.525 |
| 88 | 4 | Veer Durga Das Marg | Garsi Bai Tiwari W/O Prem Nath | 0.515 |
| 89 | 4 | Veer Durga Das Marg | Gyarsi Bai Tiwari W/O Prem Narayan gyarsi | 2.06 |
| 90 | 5 | Veer Durga Das Marg | Late Hiralal S/O Kansara Chauhan | 0.31 |
| 91 | 6 | Veer Durga Das Marg | Nanuram S/O Bherulal Parmar | 6 |
| 92 | 7 | Veer Durga Das Marg | Shri Chandra Budailal | 15.48 |
| 93 | 8 | Veer Durga Das Marg | Munni Ben W/O Yusuf Pereswala | 15.24 |
| 94 | 9 | Veer Durga Das Marg | Bhagchandra S/O Radha Kishan Khatri | 18.5925 |
| 95 | 10 | Veer Durga Das Marg | Nurja Mansuri W/O Mohammad Hussain | 9.2 |
| 96 | 10/1 | Veer Durga Das Marg | Sainaz Sheru Khan | 10 |
| 97 | NA | Veer Durga Das Marg | Deependra Sarsawal S/O the late Pralad | 7.13 |
| 98 | NA | Veer Durga Das Marg | Dev Pratap S/O Gulab Singh | 45.54 |
| 99 | 26 | Veer Durga Das Marg | Bhura Lal S/O Narsingh Sintal | 20.02 |
| 100 | 77 | Veer Durga Das Marg | Manju Bairagi / Lakan Bairagi | 13.2 |
| 101 | 10 | Veer Durga Das Marg | Dilip Bhairagi S/O Ram Charan | 7.8 |
| 102 | NA | Veer Durga Das Marg | Community Hall/Mutton Market | 21.945 |
| 103 | 9 | Veer Durga Das Marg | Mohammed Chand, S/O Mohammad Wasir Ghulam Rabbani | 9.49 |
| 104 | 10 | Veer Durga Das Marg | Ahmed bi | 13.26 |
| 105 | 14 | Veer Durga Das Marg | Mohammed ismail | 10.43 |
| 106 | 12 | Veer Durga Das Marg | Sajid Hussain | 12.48 |
| 107 | 7 | Veer Durga Das Marg | Mazar Bi, Shakir Hussain | 15.15 |
| 108 | 15 | Veer Durga Das Marg | Ruqaiya bi, mohammad ismail | 9.1575 |
| 109 | 10 | Veer Durga Das Marg | Hussain Ali, S/O Abbi Ali | 48.375 |
| 110 | 43 | Veer Durga Das Marg | Mehrun Bee W/O Mohammad Rafiq | 7.81 |
| 111 | NA | Veer Durga Das Marg | Kailash Chandra, S/O Surajmal Sharma | 75.21 |
| 112 | NA | Veer Durga Das Marg | Aadhaar Enrollment Center | 44.65 |
| 113 | NA | Veer Durga Das Marg | Baqir Rangwala | 10.56 |
| 114 | NA | Veer Durga Das Marg | Ramkali Bai W/O Gurucharan Chauhan | 16.77 |
| 115 | 43 | Veer Durga Das Marg | Yogesh | 26.1 |
| 116 | NA | Veer Durga Das Marg | Sarafat | 21.7 |
| 117 | 2 | Veer Durga Das Marg | Bansilal S/O Nathulal Sharma | 29.5 |
| 118 | 28/1 | Veer Durga Das Marg | Kailash Chandra S/O Laxman Jhajhot Jitendra, Dilip, Manoj, and Raj | 24.18 |
| 119 | NA | Veer Durga Das Marg | Kantabai, Vachchulal, Jintendra, Mohan Thanat | 34.5 |
| 120 | 22 | Veer Durga Das Marg | Guli Chandra S/O Lalji Parmar | 9.3075 |
| 121 | 21 | Veer Durga Das Marg | Late Ganga Ma W/O Lalji Parmar | 8.5775 |
| 122 | 20 | Veer Durga Das Marg | Ram Chandra S/O Naguji Dhindore | 17.63 |
| | | | कुल | 2549 वर्ग मीटर |

प्रस्तावित उत्पादन क्षेत्र घोषित किए जोन हेतु किए गए प्रकाशन की तिथि से 15 दिन की समयावधि के लिए आम जनता के निरीक्षण हेतु **https://tdr.mp.gov.in/web/publicObjection/94/TDR202511313283285** की वेबसाइट पर भी उपलब्ध होगे।

यदि कोई आपत्ति / सुझाव प्रस्तावित उत्पादन क्षेत्र के संबंध में हो तो, वह ** संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश म.प्र. भोपाल ** अथवा **संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय Ujjain** को, दैनिक समाचार पत्रों में इस सूचना के प्रकाशित होने के दिनांक से ** 15 दिवस ** की अवधि का अवसान होने के पूर्व सम्यक विचार हेतु प्रस्तुत किये जा सकते है।

संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश
मध्यप्रदेश, भोपाल